प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश को वर्ष 2030 तक आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और अगले वित्त वर्ष के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकास की धुरी के रूप में स्थापित किया गया है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि व्यवस्था परिवर्तन पर केन्द्रित ये बजट गांवों को समृद्धि का प्रमुख केन्द्र बनाने में सहायक सिद्ध होगा। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि अगले 6 महीने में प्रदेश की वित्तीय हालत को सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे और बजट में इसका प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के वेतन में कटौती का प्रावधान इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन में कटौती करने के बजट प्रस्ताव को गलत बताया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में अगले 6 महीने के लिए कर्मचारियों के वेतन में कटौती करने की बात कही गई है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि इस समय प्रदेश वित्तीय आपातकाल से गुज़र रहा है और राज्य में राष्ट्रपति शासन की संभावना बढ़ती जा रही है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले पहले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर संयुक्त रूप से आज 8 हजार 9 सौ 31 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है। उनसे पहले पवन कुमार चामलिंग 8 हजार 9 सौ 30 दिन तक सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे। नरेन्द्र मोदी 2001 में पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे और 13 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहने के बाद 2014 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने। वे लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर–कांग्रेसी प्रधानमंत्री भी हैं।

उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश के सभी लोगों को शुद्ध पेयजल व हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए जलशक्ति विभाग लगातार काम कर रहा है। विश्व जल दिवस पर आज सोलन ज़िले के बद्दी में आयोजित राज्यस्तरीय जल महोत्सव समारोह में उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी 24 घंटे सेवाएं दे रहे हैं जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उपमुख्यमंत्री ने दून व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न ट्यूबवेल स्थापित करने के लिए दो–दो करोड़ रूपए देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में जलशक्ति विभाग में 50–50 अतिरिक्त पद भरे जाएंगे।

एसडीआरएफ

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, एस.डी.आर.एफ. ने गाज़ियाबाद में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार पहला स्थान हासिल किया है। आपदा के कारण ध्वस्त ईमारतों के मलबे में फंसे लोगों की खोज व बचाव पर आधारित इस प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों की 30 टीमों ने हिस्सा लिया और एस.डी.आर.एफ. की टीम ने सभी को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय खिताब जीता। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में एस.डी.आर.एफ. की टीम के सदस्यों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एस.डी.आर.एफ. की ये उपलब्धि प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और आपदा के दौरान एस.डी.आर.एफ. ने पिछले कुछ वर्षों में बेहतरीन कार्य किया है।

....